# बैठक की गतिविधि

भावनात्मक दृष्टिकोण का उपयोग करके COVID-19 से सुरक्षित रहें

## टीका जानकारी (भावनात्मक दृष्टिकोण)

इस बैठक का उद्देश्य है जीविका समूह की दीदियों को तीन मिनट का एक विडियो दिखाना है| इस विडियो में एक महिला के परिवार की कहानी को दिखाया गया है और यह बताया गया है कि कोविड-19 का टीका नहीं लगवाने की वजह से संक्रमित होने पर कैसे वह महिला अपनी जान गवां देती है|

इस विडियो का उद्देश्य यह भी है कि दीदियों के साथ चर्चा कर उन्हें समझाना कि आप अपने परिवार के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं| टीका न लगाने का गलत निर्णय पूरे परिवार के भविष्य को कैसे प्रभावित करता है| इस बैठक में दो महिलाओं के परिवार की कहानी का उपयोग करके सभी दीदियों को जागरूक करना है ताकि टीके से सम्बंधित लिए गए गलत निर्णय का नतीजे का परिवार पर होने वाले असर के बारे में वह सोंच सकें|

यह पूरी चर्चा सहभागी और सम्वादपूर्ण होनी चाहिए| यह अति आवश्यक है कि इस चर्चा में सभी दीदियाँ खुल कर अपने विचार साँझा करें और उनके द्वारा साँझा किये गए विचारों का सहानुभूति पूर्वक सम्मान करें|

## बैठक प्रारंभ करने से पूर्व

• [निर्देश 1] प्रशिक्षक प्रतिभागियों से विनम्रता पूर्वक अपनी-अपनी आँखें बंद करने का आग्रह करें और सभी प्रतिभागियों पर नजर रखें की उन्होंने आँखें बंद कर ली हैं| पुन: प्रतिभागियों से आग्रह करें कि यदि आपने कोविड टीके की दोनों ख़ुराक ले ली है तो दोनों हाथ ऊपर उठाएँ, एक ख़ुराक ली है तो एक हाथ, और यदि आपने कोविड का टीका अभी तक नहीं लगवाया है तो दोनों हाथ नीचे ही रहने दें| **प्रशिक्षक इन चारों संख्याओं को एक चार्ट पेपर पर लिख लें|**

**- कुल उपस्थित प्रतिभागियों की संख्या**
**- बिना टीका लिए हुए प्रतिभागियों की संख्या**
**- टीका की पहली ख़ुराक लिए हुए प्रतिभागियों की संख्या**
**- टीका की दोनों ख़ुराक लिए हुए प्रतिभागियों की संख्या**

• [ज़ोर से पढ़ें] सब लोग अपनी आँखें बंद करें| अगर आपने टीके की दोनों ख़ुराक ले ली हैं तो दोनों हाथ ऊपर उठाएँ, अगर आपने टीके की एक ही ख़ुराक ली है तो एक हाथ, और अगर आपने कोविड का टीका अभी तक नहीं लगवाया है तो दोनों हाथ नीचे ही रहने दें|

• [ज़ोर से पढ़ें] हमारे साथ अपना विचार साझा करने के लिए सभी को धन्यवाद| अब क्या वह प्रतिभागी अपना हाथ उठा सकते हैं जिनके परिवार में 18 साल से ऊपर के सदस्यों ने टीके की एक या दोनों ख़ुराक ले ली हैं?

• [निर्देश] वैसे प्रतिभागियों की भी संख्या लिख लें जिनके परिवार के सभी व्यस्क सदस्यों ने टीका लगवा लिया है| बिहार में टीकाकरण प्रगति को जांचने के लिए इन संख्याओं को जमा करके इन्हें जीविका तक भेजने के लिए आपको अपने फ़ोन पर एक सर्वे लिंक मिलेगा|



## 1. बैठक की शुरुआत

• [ज़ोर से पढ़ें] 'प्रणाम दीदी" (स्थानीय भाषा में अभिवादन करें)। मेरा नाम है [अपना नाम बताएं] और मैं यहाँ जीविका से आई/आया हूँ ।

• [यदि उन्होंने मास्क नहीं पहना है] क्या मैं आपसे मास्क पहनने का अनुरोध कर सकता हूं? [यदि वह आपसी दूरी बना कर नहीं बैठी हैं] तो आइए हम सभी को सुरक्षित रखने के लिए इतना अलग [6 फीट] बैठें। मुझे बताएं, क्या आप सभी मेरी आवाज अच्छी तरह से सुन पा रही हैं?

• [पढ़ें] मुझे आशा है कि आप सब इस कठिन समय में भी अच्छे से होंगी| हम यहां जीविका से आपको एक वीडियो दिखाने और आप लोगों के बीच इस पर चर्चा करने के लिए आए हैं। इस चर्चा में कुल 30 मिनट का समय लगेगा। क्या आप सब इस विडियो को देखना पसंद करेंगी और चर्चा में भाग लेना चाहेंगी|

• यदि आपके कोई सवाल होंगे तो चर्चा समाप्त करने के बाद मैं उसका उत्तर दे सकता/सकती हूँ|

## 2. आइए विडियो देखते हैं

• समूह की बैठक में दीदियों को विडियो दिखाएँ|

• बैठक के बाद दीदी को अपने परिवार एवं दोस्तों-रिश्तेदारों को भी इस विडियो को दिखाने का आग्रह करें|

## 3. विडियो की समझ की जाँच

सभी दीदी से विडियो को अपने परिवार और दोस्तों से सांझा करने के लिए कहें|

• निम्नलिखित प्रश्न पूछें और दीदियों को एक दूसरे के साथ अपनी प्रतिक्रियाओं को साझा करने और चर्चा करने के लिए समय दें|

- [ज़ोर से पढ़ें] क्या आप बता सकते हैं कि विडियो में कलावती के साथ क्या हुआ?
- उत्तर देने के लिए पर्याप्त समय दें
- [ज़ोर से पढ़ें] उसकी मृत्यु क्यों हुई?

दीदी की समझ की जाँच करें :- यदि दीदियाँ यह उत्तर नहीं देती हैं कि कलावती की मौत कोविड से हुई है तो आप सही उत्तर देकर इसे स्पष्ट कर दें। आप दृश्य का उल्लेख कर सकते हैं|

- [ज़ोर से पढ़ें] उसके परिवार का क्या हुआ?

दीदियों को प्रश्न का उत्तर देने के लिए समय दें| निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा अवश्य करें|

• इसका अर्थ है कि उसके बच्चों के पास उनका ध्यान रखनेवाला कोई नहीं था|

• इसका अर्थ है कि उसके समूह की दीदियाँ उसे बहुत याद करेंगी|

• इसका अर्थ है कि उसके बच्चे स्कूल में फ़ेल हो गए क्योंकि वह पढ़ाई पर ध्यान नहीं दे पाए|

• इसका अर्थ है कि उसके बड़े बेटे को खेत में काम करना पड़ा|

- दीदी की समझ की जाँच करें :- यदि दीदियाँ उपर्युक्त सभी बिन्दुओं को नहीं बता पायें तो उन्हें मौखिक रूप से समझा कर या पोस्टर में बने चित्र का सहारा लेकर संकेत करें|

• [ज़ोर से पढ़ें] आपको क्या लगता है, उसके परिवार के साथ यह सब क्यों हुआ?

- दीदियों को उत्तर देने के लिए समय दें| ध्यान रहे कि आप उन गतिविधियों पर क्रम से चर्चा करें जैसे - यह सब इसलिए हुआ क्योंकि कलावती अपने बच्चों का ध्यान रखने के लिए





जीवित रही, उसके पति को अधिक काम करना पड़ा, बच्चों का ध्यान रखने के लिए कोई नहीं था इसलिए वह फ़ेल हो गए, वगैरह-वगैरह|

- [ज़ोर से पढ़ें] विडियो में, कलावती टीका नहीं लगाना चाहती थी हालांकि उसके समूह के सभी सदस्यों ने लगवा लिया था|

1- [ज़ोर से पढ़ें] आपके अनुसार वह टीका क्यों नहीं लगवाना चाहती थी?

उत्तर के लिए समय दें लेकिन निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा अवश्य करें:

- कुछ लोगों ने टीके को लेकर कई बातें सुनी हैं जो सच नहीं हैं| यही कारण है कि कलावती जैसी महिलाएं टीका नहीं लगवाती हैं, और बाद में अपने परिवार और उसके भविष्य को सुरक्षित नहीं रख पाती हैं|

- [ज़ोर से पढ़ें] विडियो में, झरना नाम की समूह की एक और सदस्य हैं|

2- [ज़ोर से पढ़ें] विडियो में झरना का क्या हुआ?

3- [ज़ोर से पढ़ें] उसके परिवार का क्या हुआ?

सदस्यों को प्रश्न के उत्तर देने के लिए समय दें| निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा अवश्य करें:

- कोविड चला गया और जीवन पहले जैसा साधारण हो गया| (यातायात खुल गए, स्कूल खुल गए, शादियाँ होने लगी)
- उसके बच्चों को स्कूल में सर्वोत्तम अंक मिले|
- उसके बेटे की शादी हो गई|
- बाद में उसे एक पोता भी हुआ|
- [ज़ोर से पढ़ें] झरना और कलावती एक ही समूह की सदस्य थीं, लेकिन उनके परिवारों का भविष्य अलग अलग रहा|

4- [ज़ोर से पढ़ें] आपके अनुसार उन दोनों की कहानी अलग क्यों थी?

यदि सभी दीदियों ने यह कहा कि भाग्य के कारण उन दोनों का परिणाम अलग था [ज़ोर से पढ़ें]:

- झरना और कलावती के जीवन में केवल एक बड़ा अंतर था, और वह यह था कि झरना ने टीका लगवाने का निर्णय लिया और अपने परिवार को सुरक्षित किया|
- [ज़ोर से पढ़ें] विडियो में, कलावती झरना से टीके के दुष्प्रभाव के बारे में पूछती है लेकिन झरना कहती है कि उसने इसकी कोई चिंता नहीं की|

5- [ज़ोर से पढ़ें] उसने इसकी चिंता क्यों नहीं की?

जाँच लें कि झरना को केवल 1 या 2 दिन तक दुष्प्रभाव हुए और उसकी पड़ोसन ने खाना बनाने में सहायता की|

निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा अवश्य करें:

- टीका का दुष्प्रभाव केवल एक या दो दिन तक ही रहता है| ऐसे में खाना बनाने या बच्चों की देखभाल के लिए किसी रिश्तेदार को बुलाना मुश्किल है, लेकिन यह केवल एक या दो दिन की ही बात है| क्या आप एक दूसरे की सहायता कर सकते हैं?
- झरना को टीका के दुष्प्रभाव से कोई डर नहीं लगा क्योंकि वह जानती थी कि इसका मतलब है कि टीका अपना काम कर रहा है - याद है हमने पहली बैठक में किस विषय के बारे में बात की थी? जो चीज़ें अच्छी या आकर्षक नहीं दिखती दरअसल में हमारे लिए वह बहुत अच्छी होती है - दुष्प्रभाव का मतलब है कि टीका अपना काम ठीक से कर रहा है|



6- प्रश्न से जाँच लें: एक या दो दिन के दुष्प्रभाव बेहतर हैं या दो हफ्ते के लिए कोविड?

दीदियों को उत्तर देने के लिए समय दें|

7- [ज़ोर से पढ़ें] विडियो के अंत में वे कहते हैं: झरना और कलावती दोनों के सामने एक ही निर्णय था| लेकिन एक छोटे से काम ने परिवार के भविष्य को ही बदल दिया| आप अपने परिवार का रक्षा कवच हैं| [ज़ोर से पढ़ें] आपके अनुसार इसका क्या अर्थ है?

8- [ज़ोर से पढ़ें] एक काम परिवार का भविष्य कैसे बदल सकता है?

9- [ज़ोर से पढ़ें] हम झरना और कलावती की कहानी से क्या सीख सकते हैं?

10- [ज़ोर से पढ़ें] आपने विडियो देख लिया है और चर्चा में भाग भी लिया है तो अब आप क्या करने के बारे में सोच रही हैं?

11- [ज़ोर से पढ़ें] क्या आप कुछ और चर्चा करना चाहते हैं? सभी सहभागियों को और प्रश्न पूछने और विडियो पर अपनी

- प्रतिपुष्टि और विचार साँझा करने का समय दें|

## बैठक का समापन

- [ज़ोर से पढ़ें] मुझसे बात करने का समय देने के लिए धन्यवाद|
- जीविका आपको, आपके परिवार को और समुदाय को टीका लगाने के लिए सहयोग देता है| देर न करें कोविड-19 टीकाकरण केंद्र जाएं और टीका लगवाएं और सुरक्षित रहें|

- यदि आपको और जानकारी की आवश्यकता हो, तो हम अगली बैठक में चर्चा कर सकते हैं या आप मुझे फ़ोन कर सकते हैं|

## बुनियादी नियम का ध्यान रखें

- जिन सदस्यों ने आपसी दूरी नहीं बनाई है| थोड़ा हट कर खड़े हों [ज़ोर से पढ़ें] "मैं सब की सुरक्षा के लिए थोड़ी दूर खड़ी रहुंगी/खड़ा रहूँगा"
- जिन सदस्यों ने ठीक से मास्क नहीं पहना है| [ज़ोर से पढ़ें] "क्या मैं आपसे मास्क पहनने का निवेदन कर सकती/सकता हूँ? धन्यवाद|"
- हर गतिविधि से पूर्व मुख्य संदेश को अच्छी तरह पढ़-समझ लें|
- सहभागियों से विनम्रता से बात करें और एक सक्रिय श्रोता बने रहें|
- कुछ प्रश्न संवेदनशील हैं - उन्हें हमेशा सम्मानजनक तौर से पूछें|
- यह देखते रहें कि सभी दीदियाँ आपको स्पष्ट रूप से देख और सुन पा रही हैं|
- यदि किसी दीदी को टीके से सम्बंधित कोई प्रश्न रह गया हो या टीके के अतिरिक्त कुछ और बातचीत शुरू हुई है, तो विनम्रता पूर्वक उन्हें सभी गतिविधियों के अंत तक रुकने के लिए कहें और अंत में उनके सभी प्रश्नों का उत्तर दें|